कार्यालय जनपद न्यायाधीश, इटावा

दिनांक 10.04.2026

नीलामी की विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, इटावा में रखी हुई निष्क्रिय फोटो स्टेट मशीनों क्रमशः (1) ZEROX-WORKCENTRE-5024 (2) CANON-IMAGERUNNER-2206 (3) RICOH-MP2501L (4) KYOCERA TASKalfa-2201 की नीलामी दस न्यायालय, कक्ष भवन के सभागार में दिनांक **29.04.2026** को अपराह्न 04:30 बजे की जायेगी। जिस व्यक्ति को नीलामी में भाग लेना हो, वह उक्त दिनांक, समय व स्थान पर माननीय जिला जज, इटावा द्वारा अनुमोदित शर्तों के अधीन बोली बोलने हेतु उपस्थित हों। निष्क्रिय फोटो स्टेट मशीनों की नीलामी हेतु निर्धारित सुरक्षित धनराशि 2,000/- (दो हजार रूपये मात्र) बोली बोलने से पूर्व कार्यालय नजारत में जमा करनी होगी। उक्त निष्क्रिय फोटो स्टेट मशीनों को नीलामी से पूर्व बोलीदाता कार्यालय समय में कभी भी देख सकते हैं। सुरक्षा धनराशि नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा देय होगी तथा समस्त बोलीदाताओं को बोली बोलने से पूर्व उसी दिन दोपहर 02:00 बजे तक जमानत के रूप में अग्रिम धनराशि जमा करनी होगी तथा अधिकतम बोली वाले बोलीदाता के अतिरिक्त शेष बोलीदाताओं की धनराशि बोली समाप्ति पर नियमानुसार वापस की जायेगी। ठेके में अधिकतम बोलीदाता को नालामी के पश्चात तुरंत 50 प्रतिशत की धनराशि जमा करनी होगी तथा अवशेष धनराशि नीलामी के तीसरे दिन सामग्री उठाने से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। नीलामी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का सर्वाधिकार माननीय जिला जज, इटावा को सुरक्षित रहेगा। प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को एक नीलामी फार्म भरकर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी निवास प्रमाण पत्र/आधार कार्ड सहित नजारत में जमा करना होगा नीलामी फार्म रूपये 100/- मूल्य पर नजारत कार्यालय में दिनांक **29.04.2026** 10.00 बजे से 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं एवं स्वीकृत शर्तो की जानकारी एवं निष्क्रिय फोटो स्टेट मशीनों की सूची केन्द्रीय नाजिर, नजारत जजी, इटावा से प्राप्त की जा सकती है।

(अशोक कुमार दुबे-II)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला जज कोर्ट सं0-12,
इटावा।

प्रतिलिपि सूचनार्थ निम्न को प्रेषित:-

01. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स, जजी, इटावा
02. नाजिर कलेक्ट्रेट, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
03. नाजिर विकास भवन, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
04. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
05. दस न्यायालय कक्ष भवन, इटावा के नोटिस बोर्ड हेतु।
06. जिला सूचना अधिकारी, इटावा को जी0 ओ 0 नम्बर 562/उन्नीस-2-2007-07(टी0 सी0) दिनांकित 04 जुलाई 2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचना-पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
07. अध्यक्ष/महामंत्री, जिला बार एसोसिएशन, इटावा - नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
08. अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल बार एसोसिएशन,इटावा - नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
09. समस्त कम्पयूटर का कार्य करने वालों को सूचनार्थ।

(अशोक कुमार दुबे-II)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला जज कोर्ट सं0-12,
इटावा।